संख्या : 585 /दो-1-2021

प्रेषक

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

वरिष्ठ नोडल अधिकारी,
(संलग्न सूची के अनुसार)
उत्तर प्रदेश।

नियुक्ति अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक : 15 मई 2021

विषय : **कोविड-19 से बचाव एवं व्यवस्था संबंधी कार्यों हेतु जनपदों में वरिष्ठ नोडल अधिकारी नामित किया जाना।**

महोदय

उपरोक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस (कोविड-19) से प्रभावित मरीजों के उपचार, इसके संक्रमण के प्रसार की रोकथाम आदि के लिए जनपदों में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु संलग्न सूची के अनुसार नामित जनपद में आपको वरिष्ठ नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

2- उक्त नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारी आवंटित जनपदों में प्रत्येक दशा में दिनांक 15 मई 2021 को पहुँचकर उसकी सूचना नियुक्ति विभाग तथा मुख्य सचिव कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारी द्वारा आगामी एक सप्ताह तक संबंधित जनपद में प्रवास कर कोविड-19 की रोकथाम आदि हेतु निम्नलिखित कार्यवाहियां सुनिश्चित की जायेंगी :

1. शासन द्वारा कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का जनपद स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करवाना एवं इसमें जिला प्रशासन का मार्गदर्शन एवं सहयोग करना।
2. कोविड-19 से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जनपद में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी समितियों को सक्रिय बनाए रखना।
3. निगरानी समितियों द्वारा डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग सुनिश्चित कराना।
4. यह सुनिश्चित करना कि हर निगरानी समिति के पास पर्याप्त मेडिकल किट उपलब्ध हो।
5. हर लक्षणयुक्त तथा संदिग्ध व्यक्ति को निगरानी समिति द्वारा मेडिकल किट उपलब्ध करवाना।
6. निगरानी समिति प्रतिदिन उन लोगों के नाम तथा फोन नंबर सेक्टर अधिकारी को उसी दिन उपलब्ध करायेगी, जिन्हें मेडिकल किट प्रदान की गयी है। यह सूची तत्पश्चात जिला प्रशासन को उसी दिन उपलब्ध करायी जायेगी तथा इसका सत्यापन आई0सी0सी0सी0 के माध्यम से सुनिश्चित कराया जायेगा एवं जनप्रतिनिधियों को भी यह सूची उपलब्ध करायी जायेगी।
7. निगरानी समिति यह सुनिश्चित करेगी कि लक्षणयुक्त अथवा संदिग्ध व्यक्तियों के पास अलग कक्ष (टॉयलेट के साथ) की व्यवस्था हो। जिन व्यक्तियों के पास यह व्यवस्था नहीं है, उनकी सूची सेक्टर अधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन को देना ताकि जिला प्रशासन उन्हें क्वारंटीन सेंटर ले जाने की व्यवस्था करे।
8. आई0सी0सी0सी0 द्वारा होम आइसोलेशन/क्वारंटीन सेन्टर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की जानकारी डाक्टर्स की टीम द्वारा ली जायेगी।

9. निगरानी समिति द्वारा स्क्रीनिंग उपरांत संदिग्ध/लक्षणयुक्त व्यक्तियों का आर0आर0टी0 द्वारा 24 घंटे में एंटीजन टेस्ट सुनिश्चित कराया जाना।

10. जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, सैनिटेशन तथा फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाना।

11. प्राइवेट हॉस्पिटल द्वारा निर्धारित दरों पर ही इलाज किया जाय तथा कोई ओवर-चार्जिंग न हो।

12. जनपदों में गठित आर0आर0टी0 की गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जायेगा।

13. जनपद के समस्त कोविड चिकित्सालयों में चिकित्सकों तथा चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, मरीजों के भोजन की व्यवस्था एवं चिकित्सालयों में स्वच्छता का पर्यवेक्षण किया जायेगा।

14. उक्त समस्त कार्यवाहियों की रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारियों को जिला प्रशासन की समस्त इकाईयां, चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारी, पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी इत्यादि उनके कार्य व दायित्वों के निर्वहन में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी तथा वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारियों को मागदर्शन व सहयोग प्रदान किया जायेगा।

कृपया उपरोक्त आदेशों का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित किया जाए।

<u>संलग्नक : यथोक्त।</u>

भवदीय

15.05.2021

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव।

संख्या व तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग/गृह/राजस्व/चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग/चिकित्सा शिक्षा विभाग/खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव एवं प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. विशेष सचिव एवं राज्य सम्पत्ति अधिकारी, राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. विभागीय वेबसाईट।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

15.5.2021

(मुकुल सिंहल)
अपर मुख्य सचिव।

संलग्नक

| क्र0 | वरिष्ठ नोडल अधिकारी का नाम/पदनाम | आवंटित जनपद | मण्डल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजय गोयल, आयुक्त, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज | प्रयागराज | प्रयागराज |
| 2. | श्री रणवीर प्रसाद सचिव राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन | फतेहपुर | |
| 3. | श्री सुधीर गर्ग, प्रमुख सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | प्रतापगढ | |
| 4. | श्री सुधीर महादेव बोबडे सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद मुख्यालय लखनऊ | कौशाम्बी | |
| 5. | श्री भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, मत्स्य, समन्वय एवं पशुधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | जौनपुर | वाराणसी |
| 6. | श्री दीपक अग्रवाल, आयुक्त,वाराणसी मंडल, वाराणसी | चन्दौली एवं वाराणसी | |
| 7. | श्री समीर वर्मा, सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | गाजीपुर | |
| 8. | श्री मो0 मुस्तफा, श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, कानपुर नगर | सोनभद्र | विन्ध्याचल |
| 9. | श्री योगेश्वर राम मिश्र, आयुक्त, विन्ध्याचल धाम मंडल, मिर्जापुर | संत रविदास नगर भदोही एवं मिर्जापुर | |
| 10. | श्री के0 रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | आजमगढ | आजमगढ |
| 11. | श्री विजय विश्वास पन्त, आयुक्त, आजमगढ मंडल, आजमगढ | बलिया एवं मऊ | |
| 12. | श्री जयन्त नार्लिकर, आयुक्त, गोरखपुर मंडल गोरखपुर | गोरखपुर | गोरखपुर |
| 13. | श्रीमती वी0 हेकाली झिमोमी प्रमुख सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन | देवरिया | |
| 14. | श्री पनधारी यादव सचिव वाहय सहायतित परियोजना विभाग उत्तर प्रदेश शासन | कुशीनगर | |
| 15. | श्री राजन शुक्ल, अपर मुख्य सचिव, नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | महाराजगंज | |
| 16. | श्री मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | बस्ती एवं संत कबीर नगर | बस्ती |
| 17. | श्री अनिल कुमार सागर, आयुक्त, बस्ती मंडल बस्ती | सिद्धार्थ नगर | |
| 18. | श्री अनुराग यादव, सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | गोण्डा | देवीपाटन |
| 19. | श्री एस0वी0एस0 रंगा राव, आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोण्डा | बलरामपुर एवं श्रावस्ती | |
| 20. | डा0 हरिओम सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश | बहराइच | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | शासन | | |
| 21. | श्री टी0 वेंकटेश, अपर मुख्य सचिव, सिंचाई जल संसाधन एवं परती भूमि विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | अयोध्या | अयोध्या |
| 22. | श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, आयुक्त, अयोध्या मंडल, अयोध्या | अम्बेडकर नगर | |
| 23. | श्री अरविन्द कुमार अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औदयोगिक िविकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन | बाराबंकी | |
| 24. | श्री अनिल कुमार-।।, अपर मुख्य सचिव, होमगार्डस विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | सुलतानपुर | |
| 25. | श्रीमती मोनिका एस० गर्ग, अपर मुख्य सचिव,उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | अमेठी | |
| 26. | डा0 रोशन जैकब, सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश | लखनऊ | लखनऊ |
| 27. | श्री एम0वी0एस0 रामी रेडडी, अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | रायबरेली | |
| 28. | श्रीमती डिम्पल वर्मा, अपर मुख्य सचिव, युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश | हरदोई | |
| 29. | श्री दीपक कुमार प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन | उन्नाव | |
| 30. | श्रीमती मिनिष्ती एस0, आयुक्त, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सीतापुर | |
| 31. | श्री रंजन कुमार, आयुक्त, लखनऊ मंडल, लखनऊ | खीरी | |
| 32. | श्री अजय चौहान, आवास आयुक्त तथा निदेशक, नगर भूमि सीमारोपण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | कन्नौज एवं फर्रूखाबाद | कानपुर |
| 33. | डा0 राज शेखर, आयुक्त, कानपुर मंडल, कानपुर | कानपुर नगर एवं कानपुर देहात | |
| 34. | श्री हेमन्त राव, अपर मुख्य सचिव, पिछडा वर्ग कल्याण दिव्यांगजन सशक्तीकरण तथा सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | औरैया एवं इटावा | |
| 35. | श्री आमोद कुमार, प्रमुख सचिव, नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | बांदा | चित्रकूट धाम |
| 36. | श्री रवि कुमार एन0जी0, सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | हमीरपुर एवं महोबा | |
| 37. | श्री दिनेश कुमार सिंह-।।, आयुक्त, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा | चित्रकूट | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38. | श्री रजनीश गुप्ता, सदस्य, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश,लखनऊ | जालौन | झांसी |
| 39. | श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, आयुक्त झांसी मंडल, झांसी | झांसी एवं ललितपुर | |
| 40. | श्री अनिल कुमार-III, सचिव, नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम, लखनऊ | मैनपुरी | आगरा |
| 41. | श्री मयूर माहेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औदयोगिक विकास प्राधिकरण, कानपुर | मथुरा | |
| 42. | श्री रिग्जियान सैम्फिल आई0ए0एस0 प्रतीक्षारत | फिरोजाबाद | |
| 43. | श्री अमित गुप्ता, आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा | आगरा | |
| 44. | श्री गौरव दयाल, आयुक्त, अलीगढ मंडल, अलीगढ | कासगंज एवं अलीगढ | अलीगढ |
| 45. | श्री प्रभात कुमार सारंगी स्थानिक आयुक्त उत्तर प्रदेश नई दिल्ली | एटा एवं हाथरस | |
| 46. | श्री शमीम अहमद खान सचिव उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन | पीलीभीत | बरेली |
| 47. | श्री आर0 रमेश कुमार, आयुक्त, बरेली मंडल, बरेली | बदायूं | |
| 48. | श्री सुरेश चन्द्र, अपर मुख्य सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | बरेली | |
| 49. | श्री नरेन्द्र सिंह पटेल सचिव रेशम विभाग उत्तर प्रदेश शासन | शाहजहांपुर | |
| 50. | श्री संजय कुमार सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन | बिजनौर | मुरादाबाद |
| 51. | श्री एल0 वेंकटेश्वर लू, महानिदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, लखनऊ | रामपुर | |
| 52. | श्री आन्जनेय कुमार सिंह, आयुक्त, मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद | मुरादाबाद एवं सम्भल | |
| 53. | श्री भगेलू राम शास्त्री, आयुक्त, चकबंदी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | अमरोहा | |
| 54. | श्रीमती रितु माहेश्वरी मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा | बुलंदशहर | मेरठ |
| 55. | डा0 सैंथिल पांडियन सी0, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य विदयुत उत्पादन निगम व पारेषण निगम, लखनऊ | गाजियाबाद एवं हापुड | |
| 56. | श्री सुरेन्द्र सिंह, आयुक्त, मेरठ मंडल, मेरठ | मेरठ एवं बागपत | |
| 57. | श्री नरेन्द्र भूषण, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा | गौतमबुद्ध नगर | |
| 58. | श्री बाबू लाल मीना, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन | मुजफफरनगर एवं शामली | सहारनपुर |
| 59. | श्री ए0वी0 राजामौलि, आयुक्त, सहारनपुर मंडल, सहारनपुर | सहारनपुर | |